

## धनुष–ऐश्वर्या के सेपरेशन पर राम गोपाल वर्मा के बिगड़े बोल

साउथ स्टार धनुष और उनकी वाइफ ऐश्वर्या की शादी टूटने के बाद फैंस बहुत हैरान और दुखी हैं। लोग सवाल कर रहे हैं कि आखिर 18 साल तक साथ निभाने के बाद दोनों ने राहें जुदा क्यों कर ली? इस अलगाव की वजह क्या है? सोशल मीडिया पर भी उनके पुराने वीडियो और फोटोज वायरल हो रहे हैं। लोग अपनी–अपनी प्रतिक्रियाएं जाहिर कर रहे हैं। इस बीच बयानबाजी को लेकर सुर्खियों में रहने वाले फिल्ममेकर राम गोपाल वर्मा ने भी इस मामले में अपनी राय व्यक्त की है। उन्होंने शादी को जेल बताया है और कहा कि तलाक को सेलिब्रेट करना चाहिए। राम गोपाल वर्मा ने शादी को लेकर लिखा है कि यंगस्टर्स को मैरिज के खतरों के बारे में चेतावनी देने के लिए स्टार्स के डिवॉर्स ट्रेंडसेटर्स हैं। उन्होंने ये भी लिखा कि प्यार को शादी से ज्यादा तेज कुछ नहीं खत्म कर सकता। RGV ने ये भी कहा कि प्यार करते रहना ज्यादा बेहतर है, बजाए शादी नाम के जेल में एंट्री करना। फिल्ममेकर ने ट्वीट किया, शादी में प्यार जितना सेलिब्रेट किया जाता है, असल में उससे बहुत कम दिनों के लिए टिकता है, जोकि महज 3 से 5 दिन ही है। उन्होंने ये भी दावा किया है कि स्मार्ट लोग प्यार करते हैं, लेकिन डंब लोग शादी करते हैं। उन्होंने ये भी कहा कि तलाक को सेलिब्रेट करना चाहिए, क्योंकि ये आजादी देता है, जबकि शादियों को शांति–पूर्वक करना चाहिए, ताकि हम एक–दूसरे के खतरनाक गुणों को परख सकें।

## औरतों की दिक्कत ये है कि वे सुपरवुमन बनना चाहती है

शेफाली शाह ने 1995 में श्रंगीलाश में छोटा सा किरदार निभाया। इसके बाद सत्या में नजर आईं तो प्यारी म्हात्रे बनकर सबका दिल जीता। बड़े और छोटे पर्दे पर शेफाली शाह ने अपना नाम और मुकाम दोनों बनाया। इन दिनों वह अपने करियर के सुखद दौर से गुजर रही हैं। ओटीटी पर डेल्ही क्राइम में दमदार अभिनय का जलवा दिखाकर अनकही में ऑडियंस की तारीफें बटोरने वाली शेफाली इन दिनों नए सीरीज ह्यूमन से चर्चा में है। इसमें वह पहली बार एक न्यूरो सर्जन की भूमिका में हैं। अपनी सीरीज, महिला प्रधान भूमिकाओं, महिलाओं की चुनौतियों, ब्यूटी सर्जरी, निर्देशक पति के साथ काम करने और कोरोना काल के डर को बयान करती हैं। काफी चुनौतीपूर्ण थी, क्योंकि असल जिंदगी में मैं इस तरह के चरित्र से मैं न कभी मिली, न मैंने उसके बारे में कहीं पढ़ा। वो मुझसे बिलकुल विपरीत है। वह बेहद अनप्रिडिबल है। गौरी का यह चरित्र काफी जटिल है। मैं पहली बार किसी न्यूरो सर्जन का किरदार निभा रही थी, मगर मैंने इस भूमिका के लिए कोई रिसर्च नहीं की। मैं किसी डॉक्टर या न्यूरो सर्जन से नहीं मिली। मेडिकल लैंग्वेज स्क्रिप्ट में लिखी हुई थी।

## मुंबई के चॉल में बीता है महिमा मकवाना का बचपन



सलमान खान की फिल्म श्अंतिमश की एक्ट्रेस महिमा मकवाना ने अपने करियर, फिल्म, मां, चॉल के दिन, रिजेक्शन जैसे तमाम मुद्दों पर बातचीत की। उन्होंने कहा– मैंने कल्पना तक नहीं की थी कि मैं ऐसे हिरोइन बन जाऊंगी। बाल कलाकार के रूप में छोटे पर्दे से अपने करियर की शुरुआत करने वाली महिमा मकवाना ने टेलिविजन पर कई लोकप्रिय शोज किए, मगर उनकी जिंदगी उस वक्त सही मायनों में रातों–रात बदल गई, जब उन्हें सलमान खान प्रॉडक्शन हाउस से अंतिम की हिरोइन के ऑडिशन के लिए फोन आया। दिलचस्प बात ये है कि वे तुरत–फुरत चुन ली गईं। आज अंतिम की सफलता के बाद महिमा के पास फिल्मों और वेब शोज के कई प्रस्ताव आ रहे हैं। इस मुलाकात में वे अपने करियर, फिल्म, मां, चॉल के दिन, रिजेक्शन, भविष्य की योजनाओं जैसे तमाम मुद्दों पर बात करती हैं। सबसे बड़ा फायदा तो यही था कि मेरा डेब्यू हुआ। मैं तो सपना ही देख सकती थी कि मैं सलमान सर, महेश सर (निर्देशक–अदाकार महेश मांजरेकर) के साथ काम करूंगी। आज फिल्म जी5 पर है और लोगों ने फिल्म को पसंद किया है। मेरे लिए इतनी बड़ी और भव्य फिल्म में मौका मिलना ही सबसे बड़ा फायदा था। इस वक्त मुझे तरह–तरह के ऑफर्स मिल रहे हैं।

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

# नागार्जुन की द घोस्ट से जैकलीन का कटा पत्ता

*जैकलीन फर्नांडिस के लिए बीते कुछ महीनों से वक्त अच्छा नहीं चल रहा। ठग सुकेश चंद्रशेखर के साथ नाम जुड़ने से जहां जैकलीन ईडी की रडार पर हैं, वहीं सलमान खान के द–बैंग टूर पर भी वह नहीं जा सकीं। सोशल मीडिया पर सुकेश संग उनकी इंटिमेट तस्वीरें वायरल हो रही हैं, वहीं इस बीच खबर है कि अक्किनेनी नागार्जुन की फिल्म द घोस्ट से भी उनका पत्ता कट गया है। जी हां, फिल्म में जैकलीन पहले नागार्जुन के साथ लीड रोल में नजर आने वाली थीं, लेकिन अब पता चला है कि उनकी जगह श्जन्ध्नतश फेम सोनल चौहान को यह ऑफर दिया गया है।*



### मेकर्स जल्द करने वाले हैं ऐलान

यह खबर जहां एक ओर जैकलीन के फैंस के लिए बुरी है, वहीं सोनल चौहान के फैंस इससे बेहद खुश होंगे। इंस्टाग्राम पर सोनल चौहान वैसे भी अपनी बिंदास तस्वीरों से फैंस को दीवाना बनाए रखती हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, द घोस्ट के मेकर्स का मानना है कि फिल्म में नागार्जुन के अपोजिट सोनल चौहान एकदम सटीक रहेंगी। सोनल और नागार्जुन की जोड़ी फ्रेश है। सोनल की अच्छी खासी फैन फॉलोइंग है। ऐसे में मेकर्स का मानना है कि ये कैमेस्ट्री खूब जमेगी।

### जैकलीन ने छोड़ी या जैकलीन को निकाला?

दूसरी ओर, 200 करोड़ की मनी लॉन्ड्रिंग केस में प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी जैकलीन फर्नांडिस से पूछताछ कर चुका है। इसके बाद से ही जैकलीन को देश छोड़कर जाने की मनाही है। समझा जा रहा है कि इस कारण भी उन्हें ऑफर्स नहीं मिल रहे हैं, क्योंकि जैकलीन विदेशी लोकेशंस पर शूट नहीं कर पाएंगी। वैसे कहा यह भी जा रहा है कि जैकलीन फर्नांडिस से पिछले साल इस प्रॉजेक्ट के लिए बातचीत चल रही थी, लेकिन उन्होंने खुद इसका हिस्सा नहीं बनने का फैसला किया है। इसके पीछे जैकलीन की फीस को कारण बताया जा रहा है।





### पहले काजल अग्रवाल को किया था कास्ट

यह भी दिलचस्प है कि फिल्म द घोस्ट में पहले काजल अग्रवाल को कास्ट किया गया था। लेकिन प्रेग्नेंसी के कारण काजल इस फिल्म से अलग हो गईं। इसके बाद मेकर्स ने जैकलीन फर्नांडिस के नाम को फाइनल किया। लेकिन जैकलीन कही राहें भी जुदा हो गईं। ऐसे में अब मेकर्स ने सोनल चौहान को अप्रोच किया है। हालांकि, अभी तक इस बारे में कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है।

# प्रियंका चोपड़ा ने बताई मंगलसूत्र की अहमियत

*प्रियंका चोपड़ा भले अब ज्यादातर समय विदेश में रहती हों लेकिन देश की मिट्टी उनमें आज भी बसती है। प्रियंका चोपड़ा अक्सर मंगलसूत्र में भी नजर आती हैं और अब उन्होंने बताया है कि उन्हें तब कैसा लगा था जब निक जोनस से शादी के बाद पहली बार उन्होंने मंगल सूत्र पहना था।*



प्रियंका चोपड़ा का यह वीडियो सोशल मीडिया पर नजर आया है जिसमें वह एक ज्वैलरी ब्रैंड को लेकर बातचीत करती नजर आ रही हैं, जिसने हाल ही में मॉडर्न मंगलसूत्र को लॉन्च किया है। प्रियंका चोपड़ा ने इसी दौरान मंगलसूत्र की अहमियत और अपने अनुभवों पर बातचीत की।

प्रियंका चोपड़ा ने कहा, मुझे याद है जब मैंने पहली बार मंगलसूत्र पहना था, क्योंकि हम इन्हीं विचारों के साथ पले–बढ़े हैं कि इसकी अहमियत क्या है। यह मेरे लिए काफी स्पेशल मोमेंट था। लेकिन वहीं एक मॉडर्न महिला होने के नाते इसके महत्व को भी समझ रही थी कि क्या मुझे मंगलसूत्र पहनना पसंद है या फिर ये भी एक पितृसत्तात्मक चीज है जो हमें मिली है? लेकिन साथ ही मैं वह पीढ़ी भी हूं जो कहीं न कहीं बीच में है। जिसे परम्पराएं निभाना तो पसंद है लेकिन ये भी जानती है कि हम क्या हैं और हम कहां खड़े हैं? और हो सकता है कि हम अपनी अगली जेनरेशन की लड़कियों को देखें जो काफी अलग हों।

प्रियंका चोपड़ा और निक जोनस की शादी साल 2018 में उम्मेद भवन पैलेस में काफी धूमधाम से हुई थी। शादी के बाद प्रियंका के मंगलसूत्र ने सबका ध्यान खूब खींचा था। अक्सर कई मौकों पर वह इसे कैरी करना नहीं भूलतीं। लंबे समय बाद प्रियंका चोपड़ा बॉलिवुड में कमबक करने जा रही हैं। प्रियंका फरहान अख्तर की फिल्म जी ले जरा से कमबैक करने जा रही हैं, जिसमें कटरीना कैफ और आलिया भट्ट भी नजर आएंगी। हाल ही में खबर आई थी कि कटरीना के ऑपोजिट रोल के लिए मेकर्स ने विक्की कौशल से सम्पर्क किया है।